बरेली, बुधवार
2 नवंबर, 2022
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 16

दैनिक जागरण

PAGE NO.: 06 BOTTOM

कोर्ट रूम की नोंकझोक का लिया आनंद

- रंगकर्मी जेसी पालीवाल और देव मूर्ति ने किया इंद्रधनुष रंगमंच महोत्सव का उद्घाटन
- जान मोर्टिमर के डाक ब्रीफ के हिंदी रूपांतरण मैन डिस्पोजेज, गाड प्रपोजेज का हुआ मंचन

मंचन करते कलाकार • सौ. रिद्धिमा

जासं, बरेली: एसआरएमएस रिद्धिमा में थिएटर फेस्टिवल इंद्रधनुष रंग महोत्सव का मंगलवार को शुभारंभ हुआ। इसमें जान मोर्टिमर के डाक ब्रीफ के हिंदी रूपांतरण मैन डिस्पोजेज, गाड प्रपोजेज का मंचन हुआ। इसका रूपांतरण और निर्देशन सलीम शाह ने किया। उन्होंने एडवोकेट कमल कांत त्रिपाठी की मुख्य भूमिका भी निभाई। उनका साथ जय सिंह ने हिमाकत कुरैशी का किरदार निभाया, जिस पर अपनी पत्नी की हत्या का आरोप है।

मंचन में दिखाया कि सारे साक्ष्य उसके विरुद्ध हैं और सजा मिलनी तय है, लेकिन इसी बीच वकील कमल कांत त्रिपाठी का उससे सामना होता है, जो छोटा और 'हलफनामा बनाने' वाला वकील है। हिमाकत का मामला कमल को सौंपा जाता है। कमल अपने पूरे जीवन में कोई मुकदमा नहीं जीता, फिर भी उन्हें उम्मीद है कि वह मुकदमा जीतेंगे और कोई एक मामला उन्हें प्रसिद्ध कर देगा। इसी सोच से वह हिमाकत कुरैशी के मामले की पैरवी करना स्वीकार करते हैं और फिर शुरू होता है कोर्ट रूम का कभी नहीं देखा गया ड्रामा। हिमाकत को फांसी की सजा हो जाती है, लेकिन सही पैरवी न होने का हवाला देकर राज्यपाल उसे बरी कर देते हैं। महोत्सव का उद्घाटन रंगकर्मी जेसी पालीवाल और एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक देव मूर्ति ने किया। आशा मूर्ति, आदित्य मूर्ति, सुभाष मेहरा, डा. अनुज कुमार आदि रहे।